प्रदेश में दस लाख सोलर रूफ टाप स्थापित करेगी टाटा पावर

- पांच लाख विद्यार्थियों को सौर ऊर्जा को लेकर किया जाएगा जागरूक
- विभिन्न जिलों में दस हजार सोलर रूफ टाप लगा चुकी है कंपनी

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ : टाटा पावर कंपनी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत उत्तर प्रदेश में दो वर्षों में दस लाख सोलर रूफ टाप की स्थापना का लक्ष्य रखा है। अभी तक कंपनी 10 हजार सोलर रूफ टाप स्थापित कर चुकी है। साथ ही कंपनी प्रदेश के एक हजार स्कूलों के पांच लाख विद्यार्थियों को बिजली की बचत करने व सौर ऊर्जा को लेकर जागरूक करने के लक्ष्य पर काम कर रही है।

टाटा पावर कंपनी के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक डा. प्रवीर सिन्हा ने गुरुवार को लखनऊ के गोल्फ सिटी स्थित द सेंट्रम होटल में पत्रकारों से कहा कि कंपनी लखनऊ, कानपुर, गौतम बुद्ध नगर, झांसी, वाराणसी, प्रयागराज व अलीगढ़ में 136 मेगावाट छमता के सोलर रूप टाप की स्थापना कर चुकी है। उन्होंने बताया कि सोलर रूफ टाप लगाने पर सरकार की तरफ से 1,08,000 रुपये की अधिकतम सब्सिडी भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में टाटा पावर व नोएडा के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच पावर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) किया गया है। कंपनी अगले 25 वर्षों तक हवाई अड्डे को क्लीन ऊर्जा की आपूर्ति करेगी।

उन्होंने बताया कि लखीमपुर खीरी व बहराइच में कंपनी माइक्रो ग्रिड सल्यूशन को बढ़ावा दे रही है। कंपनी इलेक्ट्रिक वाहनों के 230 सार्वजनिक चार्जिंग प्वाइंट को संचालित कर रही है। इनमें उत्तर प्रदेश में 39 से ज्यादा चार्जिंग प्वाइंट भी शामिल हैं। वहीं अयोध्या विकास प्राधिकरण के साथ मिलकर कंपनी अयोध्या क्षेत्र में ईवी के बुनियादी ढांचे के विकास पर काम कर रही है। साथ ही बड़ी कालोनियों में सोसायटियों की सहमति से ईवी चार्जिंग प्वाइंट बनाने पर भी तेजी के साथ काम किया जा रहा है। इससे हर जिले में कम से कम 100 लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि कंपनी पावर ट्रांसमिशन लाइन पर 5,000 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है।